4 पचरा में उत्पात मचा रहा 53 हाथियों का झुंड, दहशत में ग्रामीण




## खबर संक्षेप

### आज मनायी जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती



**कोरबा।** जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में 14 नवंबर की सुबह 11 बजे देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित की गई है। जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव एवं मनोज चौहान ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, पार्षद, इंटक, पूर्व पार्षद, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, अजा एवं अजजा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों सहित ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारियों को समय पर पहुंचने आग्रह किया है।

### सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों के लिए अवसर

**कोरबा।** कलेक्टोरेट परिसर में जिला स्तरीय शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोककला महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव 2025 में जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो आदिवासी लोककला (नृतक) अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देना चाहते हो, वे अपने अधीनस्थ जनपद पंचायत कार्यालय में प्रविष्टि भर कर आवश्यक दस्तावेज / सी.डी./पेन ड्राईव/ गूगल फॉम में अपलोड/ वेबसाईट लिंक (यूटयूब लिंक इत्यादि) सहित 14 नवंबर को समय शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

### कोल्ड ड्रिंक कैन में फंसा रैट स्नेक, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** जिले में एक रैट स्नेक पानी पीने की कोशिश में गलती से कोल्ड ड्रिंक कैन में फंस गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर स्नेक केचर की टीम ने मौके पर पहुँचकर सांप को सुरक्षित रूप से मुक्त कराया। रेस्क्यू के बाद सांप को जंगल में छोड़ दिया गया। पानी की तलाश जंगली जीवों को अक्सर इंसानी बस्तियों के आसपास तक ले आती है। ऐसा ही एक अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया, जहाँ एक रैट स्नेक पानी पीने की कोशिश में गलती से कोल्ड ड्रिंक के खाली कैन में अपना मुंह फंसा बैठा। स्थानीय लोगों ने जब सड़क किनारे एक सांप को छटपटाते देखा, तो उन्होंने तुरंत स्नेक केचर को सूचना दी। सूचना मिलते ही संस्था के अध्यक्ष अविनाश यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। अविनाश यादव ने कैन को कैंची से बारीकी से काटा और ध्यान रखा कि कैन के धारदार किनारे सांप की त्वचा को नुकसान न पहुंचाएं। कुछ मिनटों की मशक्कत के बाद रैट स्नेक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# पुलिस अधिकारी व कर्मचारी निशानेबाजी में बन रहे दक्ष, आधुनिक हथियारों से कर रहे फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारी निशानेबाजी में दक्ष बने रहें इसके लिए जिले के 930 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को पिस्टल, इंसास, राइफल एके-47 जैसे आधुनिक हथियारों से फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पिछले कई दिनों से जिले के वनांचल क्षेत्र बेला में गोलियों की आवाज सुनाई दे रही है और पुलिस के अधिकारी कर्मचारी बेला में निशानेबाजी के गुर सीख रहे हैं।

उल्लेखनीय की हर वर्ष जिला पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारियों को निशानेबाजी में दक्ष बने रहने के लिए चांदमारी कराई जाती है। इस वर्ष भी जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को निशानेबाजी के लिए प्रशिक्षण देने का सिलसिला शुरू हो चुका है। बताया जाता है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत फायरिंग रेंज बेला में इस साल चांदमारी के लिए पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चांदमारी में कुल 930 पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को शामिल किया गया है, पिछले कई दिनों से यह प्रशिक्षण चल रहा है जो लगातार जारी रहेगा। अलग-अलग दिन में अलग-अलग पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण में शामिल होना रहता है। आधुनिक हथियार जैसे पिस्टल के माध्यम से और आरक्षक, प्रधान आरक्षक कर्मचारियों को इंसास, राइफल एके-47, एमजी जैसे हथियारों से निशानेबाजी का गुर सिखाया जा रहा है।

### बालको थाना क्षेत्र के ग्राम बेला फायरिंग क्षेत्र में चल रही है चांदमारी



### अफसर को 15 राउंड तो जवानों को 20 राउंड करनी होगी फायरिंग

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि निशानेबाजी में दक्ष बने रहने के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। जिसमें इस वर्ष बेला फायरिंग रेंज में पुलिस अफसर को पिस्टल या फिर अन्य आधुनिक हथियार में 15 राउंड फायरिंग करना अनिवार्य किया गया है। जबकि प्रधान आरक्षक व आरक्षक को इंसास, एके-47 जैसे आधुनिक हथियारों से 20 राउंड फायरिंग करना अनिवार्य किया गया है। पिछले कई दिनों से ग्राम बेला में प्रशिक्षण का दौर जारी है।

## जिला स्थल अनुमोदन समिति व भवन निर्माण शाखा से नहीं ली गई अनुमति

# कोरबा पश्चिम संयंत्र में बिना अनुमति किया जा रहा बैचिंग प्लांट का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम संयंत्र परिसर में बिना अनुमति बैचिंग प्लांट शुरू करने का मामला सामने आया है। संयंत्र में बैचिंग प्लांट लगाने के लिए ना ही जिला स्थल अनुमोदन समिति से अनुमति ली गई है और ना ही नगर निगम के भवन निर्माण शाखा में किसी भी प्रकार के संयंत्र निर्माण की अनुमति के लिए आवेदन दिया गया है। बिना अनुमति के ही बैचिंग प्लांट का संचालन किया जा रहा है, जो विद्युत कंपनी की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले कोरबा पश्चिम संयंत्र परिसर में विस्तार परियोजना का काम किया जा रहा है। संयंत्र में 1320 मेगावाट विस्तार संयंत्र के लिए 660 मेगावाट की दो नई सुपर क्रिटिकल इकाईयों की स्थापना होती है। संयंत्र निर्माण का काम भेल (भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड) नामक कंपनी को दिया गया है। भेल द्वारा निर्माण के अलग अलग कार्यों को अन्य निजी कंपनियों को ठेके पर दिया गया है। निजी कंपनियों द्वारा संयंत्र परिसर में बिना अनुमति के बैचिंग प्लांट की स्थापना कर उसका संचालन किया जा रहा है। संयंत्र परिसर में दो बैचिंग प्लांट की स्थापना की गई है और इन बैचिंग प्लांटों का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। बैचिंग प्लांट एक ऐसा उपकरण है जो कंक्रीट बनाने के लिए सीमेंट, रेत, बजरी, पानी और अन्य योजक (जैसे फ्लाई ऐश) को सटीक मात्रा में मिलाकर कंक्रीट का उत्पादन करता है। इसे कंक्रीट मिश्रण संयंत्र भी कहा जाता है और इसका उपयोग भारी मात्रा में कंक्रीट बनाने के लिए किया जाता है, खासकर बड़े निर्माण प्रोजेक्ट के लिए इसका उपयोग होता है। ये प्लांट उच्च मशीनीकरण और स्वचालन के कारण कंक्रीट की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है और उत्पादन क्षमता बढ़ाता है। गेमन नामक निजी कंपनी को भी भेल द्वारा संयंत्र निर्माण का काम दिया गया है। सूत्रों की माने तो गेमन व जीओ स्पार द्वारा बिना अनुमति बैचिंग प्लांट की स्थापना की गई है और प्लांट का संचालन भी किया जा रहा है। इस प्लांट से रोजाना बड़ी मात्रा में डस्ट उड़कर दर्री क्षेत्र में प्रदूषण फैला रहा है। संयंत्र परिसर के समीप स्थित बस्तीवासी बैचिंग प्लांट से होने वाले प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे हैं। एक ओर बिना अनुमति के प्लांट का निर्माण किया गया, वहीं उसका संचालन भी शुरू कर दिया गया है। बावजूद इसके अब तक जिन विभागों से बिना अनुमति लिए बैचिंग प्लांट का संचालन किया जा रहा है। उसके द्वारा संबंधित कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिली है। नियमानुसार जिला व निगम प्रशासन को बिना अनुमति के बैचिंग प्लांट का संचालन करने वाले कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए।



विस्तार संयंत्र परिसर में स्थापित बैचिंग प्लांट।



कोरबा पश्चिम संयंत्र परिसर में स्थापित बैचिंग प्लांट।

### स्थल अनुमोदन समिति से अनुमति जरूरी

जानकारों की मानें तो किसी भी ऊंची चिमनी वाले संयंत्र की स्थापना के लिए पहले जिला अनुमति स्थल सदन में आवेदन करना होता है। बैचिंग प्लांट के लिए लगभग 200 मीटर ऊंची चिमनी का निर्माण किया जाता है। स्थल अनुमोदन समिति में शामिल नगर ग्राम निवेश (टाउन इन कंट्री प्लानिंग) विभाग द्वारा आवेदन के बाद ले आउट तैयार किया जाता है। इसी ले आऊट के साथ नगर निगम के भवन निर्माण शाखा में संयंत्र स्थापना के लिए आवेदन किया जाता है। जहां से अनुमति मिलने के बाद भी संयंत्र निर्माण का काम शुरू किया जाता है। बावजूद इसके कोरबा पश्चिम संयंत्र में बैचिंग प्लांट स्थापना के लिए अनुमति लेना तक जरूरी नहीं समझा गया है। इसके पीछे वजह यह बतायी जा रही है कि राज्य सरकार का उपक्रम होने की वजह से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा अनुमति लेना जरूरी नहीं समझा गया होगा।

#### नहीं ली गई अनुमति

कोरबा पश्चिम संयंत्र परिसर में बैचिंग प्लांट स्थापना को लेकर अब तक किसी तरह का कोई आवेदन नहीं दिया गया है और न ही बैचिंग प्लांट स्थापना के लिए निगम द्वारा किसी तरह की अनुमति प्रदान की गई है।

**- आलोक शुक्ला,** भवन निर्माण शाखा प्रभारी, नपानि

#### प्रोजेक्ट मैनेजर देंगे जानकारी

संयंत्र परिसर में बैचिंग प्लांट स्थापना को लेकर मुझे अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। इस संबंध में विस्तार संयंत्र के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा ही सही जानकारी दी जा सकती है। मामले की जानकारी लेने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**- पीके स्वाईन,** एडिशनल सीई, कोरबा पश्चिम संयंत्र


#### नहीं है जानकारी

संयंत्र परिसर में 660 मेगावाट वाली 2 नई इकाईयों के स्थापना के लिए बैचिंग प्लांट की स्थापना की जानी है। वर्तमान में संयंत्र परिसर में बैचिंग प्लांट स्थापना को लेकर पुख्ता जानकारी नहीं है। इस संबंध में जानकारी जुटाने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है।

**- सी पाण्डया,** प्रोजेक्ट मैनेजर, विस्तार संयंत्र

# किसानों को अब घर बैठे मिलेगी टोकन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




### खास बात

- धान खरीदी में सुगमता हेतु तुहर टोकन मोबाइल ऐप शुरु

किसानों को धान विक्रय हेतु सुगम एवं बेहतर व्यवस्था प्रदाय किये जाने हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा तुहर टोकन मोबाइल एप प्रारंभ किया गया है। इस एप के माध्यम से किसानों को घर बैठे धान विक्रय हेतु टोकन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में किसानों को सर्वप्रथम आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। किसान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से इस ऐप के माध्यम से टोकन हेतु आवेदन कर सकेंगे।

धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, सीमांत कृषक (2 एकड़ या 2 एकड़ से कम भूमि) को अधिकतम 1 टोकन, लघु कृषक ( 2 से 10 एकड़ तक) को अधिकतम 2 टोकन तथा दीर्घ कृषक (10 एकड़ से अधिक) को अधिकतम 3 टोकन प्रदान किये जाएंगे। नया टोकन बनाने हेतु समय-सीमा रविवार से शुक्रवार तक निर्धारित की गई है। जारी टोकन आगामी 7 खरीदी दिवसों के लिए मान्य रहेंगे। धान खरीदी केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा का 70 प्रतिशत हिस्सा मोबाइल एप के माध्यम से टोकन हेतु आरक्षित रहेगा। इस 70 प्रतिशत में से लघु एवं सीमांत कृषक हेतु 80 प्रतिशत तथा दीर्घ कृषक हेतु 20 प्रतिशत का आरक्षण किया गया है। यदि किसी उपार्जन केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा एक हजार क्विंटल है, तो मोबाइल ऐप हेतु आरक्षित 700 क्विंटल में से 560 क्विंटल लघु एवं सीमांत कृषकों हेतु तथा 140 क्विंटल दीर्घ कृषकों हेतु आरक्षित रहेगा। शेष 30 प्रतिशत टोकन सोसाइटी स्तर पर भी किसानों हेतु उपलब्ध रहेंगे, जिससे सभी वर्ग के किसानों को धान विक्रय हेतु सहज और सुगम व्यवस्था प्राप्त हो सके। खाद्य विभाग द्वारा विकसित तुहर टोकन मोबाइल एप राज्य के किसानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाते हुए खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता, समान अवसर और समय की बचत सुनिश्चित करेगा।

## कलेक्टर ने पटवारी गोविन्द को अपराधिक प्रकरण होने के कारण किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा तहसील कार्यालय पसान के पटवारी गोविन्द राम कंवर को थाना जांजगीर में आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय भू-अभिलेख शाखा, कोरबा नियत किया गया है।

कलेक्टर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार थाना जांजगीर के अपराध क्रमांक 961/2025, धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत एक शासकीय सेवक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना के परिप्रेक्ष्य में यह पाया गया कि पटवारी गोविन्द राम कंवर ने अपने पदीय क्षेत्र के शासकीय कार्यों के प्रति प्रमाद एवं घोर लापरवाही बरती है, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3(1)(क), (ख) एवं (ग) का उल्लंघन है। उक्त आचरण को ध्यान में रखते हुए, कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्कालीन पटवारी गोविन्द राम कंवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय भू-अभिलेख शाखा, कोरबा नियत किया गया है। निलंबन काल में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

*कोरबा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली जिला में पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना 5 दिवस कोर्स संचालित है। इसमें प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आईटीआई (विद्युतकार) उत्तीर्ण अनिवार्य है। सीट की संख्या-25 है। उक्त योजना में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी संस्था के कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## आम आदमी पार्टी ने किसानों की समस्या को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति के जरिये जारी रहने व गिरदावरी में गलती से अपात्र में सुधार करने के साथ ही धान खरीदी की राशि किसानों के अन्य व्यक्तिगत खाते में डालने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी कोरबा के जिलाध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन के नेतृत्व मे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष आरडी लोगन ने बताया कि जिले में एग्रोस्टेक पोर्टल में खराबी के कारण हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है जिस कारण किसान धान बेचने की समस्या से चिंतित है। लाखों किसानों का गिरदावरी में पंजीयन हुआ है लेकिन कुछ गड़बड़ी के कारण किसान धान बेचने से वंचित रह जायेंगे। साथ ही धान खरीदी के बाद किसानों की खरीदी की राशि को-ऑपरेटिव बैंक में आती है जिससे वहां अनावश्यक भीड़ रहती है और अन्य कारणों से किसानों को बड़ी समस्या होती है। आम आदमी पार्टी ने सरकार से मांग की है कि जिले के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति के जरिये जारी रहे। गिरदावरी में गलती से अपात्र किसानों को सुधार करने तथा धान खरीदी की राशि किसानों के अन्य व्यक्तिगत खातों में भेजने की व्यवस्था की जाये।

## दादर की जर्जर सड़क को लेकर कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

# जिले में जर्जर सड़क को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र में दादर रोड की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शहर और ब्लॉकों की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, लेकिन राज्य सरकार और निगम प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। उनका आरोप है कि निगम के 900 करोड़ और डीएमएफ के 600 करोड़ के बावजूद सड़कों की हालत बदहाल है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द सड़कों की मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं का सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नत्थूलाल ने कहा कि कोरबा शहर में सड़कों की हालत बेहद खराब है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता दादर रोड की मरम्मत और शहर की बदहाल सड़कों को दुरुस्त करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है, निगम का 900 करोड़ रुपए का बजट और डीएमएफ की 600 करोड़ रुपए की राशि हर साल उपलब्ध हो रही है, इसके बाद भी सड़कों की हालत बदहाल है। कमीशन के चक्कर में टेंडर खोले नहीं जा रहे हैं। शहर हो या गांव, हर जगह सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं। जनता को सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। जिला युवा कांग्रेस नेता राकेश पंकज ने कहा कि कुछ दिन पहले भी कांग्रेस ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में गौ माता चौक पर जर्जर सड़क को लेकर आंदोलन किया था, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि अब हर ब्लॉक में सड़कों की स्थिति बद से बदतर है। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री और निगम के अधिकारी केवल बैठकों और बयानबाजी में व्यस्त हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं दिख रहा।


BMC विद्या ददाति विनयम्

बी.एम. कॉलेज

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध

विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम

B.Ed.

कॉलेज कोड-114336

ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक

गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग

Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स

प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट

लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप

### वार्षिक सहकारी सम्मेलन में लाभांश वितरण आज

**बिलासपुर।** विद्युत कर्मचारी वार्षिक सहकारी सम्मेलन में लाभांश वितरण एवं प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 14 नवंबर को कल्याण भवन छगरा विद्युत वितरण कंपनी तिफरा में किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। इसके मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कार्यपालक निर्देश एके अम्बष्ट होंगे। कार्यपालक निदेशक कल्पना घाटे होंगी।

### मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ की बैठक 16 को

**बिलासपुर।** छग मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ द्वारा 3 दिसंबर से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल की रूपरेखा तय करने व नए अध्यक्ष और सचिव का चयन करने के लिए 16 नवंबर को बैठक होगी। बिल्हा ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती कश्यप ने बताया कि यह बैठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा प्रांगण में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी।

### क्रिसमस रैली व सिंग सांग स्पर्धा के लिए बैठक आज

**बिलासपुर।** संयुक्त मसीही समाज की क्रिसमस रैली व सिंग सांग स्पर्धा के लिए के लिए रूपरेखा तैयार करने 14 नवंबर को शाम 7.30 बजे से डिसाइपल्स चर्च, सिविल लाइन में बैठक होगी। समाज के सचिव डा. रत्नेश कुमार ने सभी कलीसिया अगुवो एवं सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### ई रिक्शा चालक ने वकील की कार को मारी टक्कर

बिलासपुर। तेज रफ्तार से चलाते हुए ई रिक्शा के चालक ने वकील की कार को टक्कर मार दी, वहीं उनकी कार से दूसरी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रिंग रोड टू शांति नगर निवासी वकील अयोध्या प्रसाद कश्यप पिता छुन्नी लाल कश्यप 13 नवंबर को अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एटी, 0473 में सवार होकर तहसील कार्यालय से कुटुंब न्यायालय जा रहे थे। दोपहर 1.35 बजे राजेन्द्रनगर चौक गार्डन के पास पीछे आ रहे ई रिक्शा क्रमांक सीजी10 बीयू, 1220 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक गलत दिशा से चलाते हुए ओवहरटेक कर उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर कार क्रमांक सीजी 10 एटी, 0473 से टकरा गई। हादसे में दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस ने चोरी की बाइक सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली एक युवक चोरी बाइक बेचने के लिए तुरकाडीह चौक में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर बाइक सहित बड़ी कोनी निवासी पप्पू पटेल पिता रामपाल पटेल 20 साल को पकड़ लिया है।

### पत्नी से मारपीट सिम्स में भर्ती

बिलासपुर। पति ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी है। पीड़िता को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सागर निवासी विश्वनाथ भास्कर ने बताया, गुरूवार की सुबह 6 बजे मां अमृता भास्कर के चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर निकले तो उनके पिता रमाशंकर भास्कर उनके साथ रांपा से मारपीट कर रहे थे। उनके द्वारा बीच बचाव कर विवाद शांत कराया गया है। उसके बाद वह घायल अपनी मां को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है।


---

**तिफरा सबस्टेशन पर पड़ रहा है भार**

**नेहरू नगर, उसलापुर, मंगला जैसे क्षेत्रों के लिए है आवश्यक**

# 132 केवी सबस्टेशन के लिए शहर में जगह की कमी, मंगला में चल रही जमीन की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बिजली विभाग द्वारा जल्द ही 132 केवी सबस्टेशन बना सकती है। विभाग द्वारा जिला प्रशासन व नगर निगम से सबस्टेशन बनाने के लिए जमीन की मांग की गई है। जानकारों के मुताबिक मंगला, धूरीपारा के आसपास सबस्टेशन के लिए जमीन का प्रारंभिक सर्वे किया जा रहा है। सबस्टेशन बनने के बाद मंगला, उस्लापुर, नेहरू नगर जैसे इलाकों में सप्लाई सुधर सकेगी।

तिफरा 132 केवी सबस्टेशन शहर का सबसे पुराना सबस्टेशन है। तिफरा, सिरगिट्टी, नेहरू नगर जैसे इलाकों के बावजूद आधे शहर को यहां से बिजली सप्लाई हो रही है, लेकिन शहर की परीधि बढ़ने के बाद बिजली की मांग भी बढ़ रही है। 132 केवी सबस्टेशन से 33 केवी सबस्टेशनों में सप्लाई होती है, लेकिन मांग के अनुसार तिफरा सबस्टेशन से सप्लाई पूरी करने में कई बार दिक्कतें आ रही हैं। बिजली विभाग द्वारा सबस्टेशन निर्माण के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मंगला, धूरीपारा में जमीन की मांग की गई है, बिजली अधिकारियों ने अपने सर्वे में यहां का स्थान सबसे उपयुक्त पाया है, लेकिन जमीनें राजस्व व नगर निगम द्वारा ही दी जानी है, ऐसे में औपचारिक पत्राचार जारी है। बताया जा रहा है कि इस साल बिजली में बार-बार आ रही समस्याओं को देखते हुए अधिकारियों ने नया सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव दिया है। इससे क्षेत्र में बिजली बेहतर तरीके से सप्लाई करने में मदद मिलेगी। वहीं तिफरा सबस्टेशन में पड़ने वाला भार भी कम होगा।

### दूर नहीं हो रही बिजली की समस्या

सब स्टेशन नहीं बनने और ठीक से मेंटनेंस नहीं होने के कारण शहरी इलाके में बिजली की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। पिछले एक साल से शहर में रहने वाले लोग दिन और रात में बिजली बंद होने से हलाकान हैं। सब स्टेशन की कमी, ट्रांसफार्मर में ओवरलोड होने के चलते कभी भी बिजली बंद हो जाती है। इसी तरह हल्की हवा चलने, बारिश होने से भी बिजली बंद होती है, इसके बाद कई इलाके घंटों अंधेरे में रहते हैं। बिजली विभाग द्वारा खोले गए काल सेंटर भी सफेद हाथी की तरह हैं, इन काल सेंटरों में कोई शिकायत सुनने वाला ही नहीं होता है। ग्रामीण इलाकों की स्थिति और खराब रहती है। तिफरा जैसे सब स्टेशन पर लोड अधिक होने के कारण सकरी और इसके आसपास का इलाका प्रभावित होता रहता है। इन इलाकों में लगातार बिजली का आना जाना लगा रहता है। नए सब स्टेशन बनने और ठीक से मेंटनेंस होने से समस्या दूर होने की संभावना जताई जा रही है।

### दो बार रिजेक्ट हो चुकी है फाइल

सूत्रों के अनुसार शहर के बीच 132 केवी का सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव दो बार बन चुका है। इसके लिए कवायद पिछले 8 सालों से जारी है। इससे पहले राजस्व और बिजली विभाग का ज्वाइंट सर्वे किया जा चुका है, यह मामला ठंडे बस्ते में जा चुका था, लेकिन बिजली संकट से जुझते शहर में सप्लाई में आ रही दिक्कतों के देखते हुए एक बार फिर 132 केवी के सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### सब स्टेशन बनना जरूरी है

हमनें अपने सर्वे में मंगला के आसपास ही 132 केवी सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव दिया है। राजस्व विभाग व नगर निगम से जमीन की मांग की है। सबस्टेशन बनना जरूरी हो चुका है।

**-बीबी नेताम,** ईई, नेहरू नगर

---

**हरिहर छत्तीसगढ़ योजना में प्रशासन के साथ मिलकर वन विभाग ने लगाए थे बांस के पौधे**

# 80 लाख खर्च कर बना बैम्बू म्यूजियम हो गया सपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका में 80 लाख रुपए खर्च कर विकसित किए गए बैम्बू म्यूजियम की हालत खराब हो गई है। यहां न तो बैम्बू है और न ही किसी तरह का म्यूजियम दिखाई देता है। बैम्बू म्यूजियम में करोड़ों रुपए के बांस के साथ सुरक्षा के लिए की गई फेंसिंग भी गायब हो गई, जहां अब जमीन पूरी तरह से सपाट नजर आती है।

हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत मोपका में विकसित किए गए बिलासपुर का पहला बैंबू म्यूजियम देखरेख के अभाव में पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। इस म्यूजियम को जिस उद्देश्य से बनाया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो सका। मनरेगा के तहत बनाए गए बैम्बू म्यूजियम को वर्ष 2015 में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत 26 एकड़ में 80 लाख रुपए खर्च कर तैयार किया गया था। इसके तहत यहां बांस की 30 प्रजातियों के 7 हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिसमें कोलकाता और असम की बांस प्रजातियां भी शामिल की गई। बांस का यह म्यूजियम जिले के पहले म्यूजियम के रूप में स्थापित हुआ। इस म्यूजियम का उद्देश्य लोगों को बांस के अलग-अलग प्रजातियों के संबंध में रूबरू कराना और म्यूजियम में लोगों को रोजगार देना व इसे संरक्षित करना था। इस प्रोजेक्ट को पांच साल तक के लिए रखा गया था। वर्ष 2020-21 में इस प्रोजेक्ट की अवधि पूरी हो गई। वर्ष 2015 से लेकर 2020 तक बैम्बू म्यूजियम की देखरेख की जिम्मेदारी वन विभाग ने निभाई। म्यूजियम बनाने के बाद लाखों रुपए के फेंसिंग और सीमेट के पोल लगाए गए, ताकि बांस के पौधों की सुरक्षा मवेशियों से हो सके। वर्ष 2020-21 में पांच वर्ष तक जिम्मेदारी निभाने के बाद वन विभाग ने बैम्बू म्यूजियम को भगवान भरोसे छोड़ दिया। वर्तमान में इसकी हालत ऐसी हो गई है कि चारों ओर सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग के साथ पोल और लाखों रुपए के बांस के पेड़ भी गायब हो चुके हैं।






### उद्देश्य रह गया अधूरा

बैम्बू म्यूजियम को मोपका में हरियर योजना के तहत बिलासपुर वन मंडल ने तैयार किया है। इसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है। दरअसर बांस के जंगल में खतरा मंडरा रहा है, इसमें प्रमुख रूप से प्रतिबंधित करील की बिक्री काफी अधिक होती है। बांस के संबंध में लोगों को जानकारी और उसे संरक्षित करने के उद्देश्य से बनाने के बाद वन विभाग देखभाल नहीं कर पाया।

### इन प्रजातियों के लगे थे बांस

जानकारी के अनुसार बैम्बू म्यूजियम में लगाए गए बांस की विभिन्न प्रजातियां लगाई गई थी। इसमें नाइजेसिया के 10, गोल्डन बैंबू के 50, न्यूटान्स के 10, बाटल बैंबू के 50, दुल्हा के 10, लोटा के 10, वैरिटगेटेड के 45, ग्रास टाइप के 50, रोपा के 60, बैंबूसा बानकुआ के 60 और बेलगेरिस के 50 प्रजातियों के बांस के पौधे लगाए गए थे।

### शराबियों का जमावड़ा

बैम्बू म्यूजियम को मोपका में बनाने के पांच साल तक वन विभाग ने इसकी देखभाल की। बांस के पौधों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से चौकीदार भी रखे गए थे। पांच साल होने के बाद वन विभाग बिलासपुर ने बैम्बू म्यूजियम की ओर देखना छोड़ दिया। वर्ष 2021 से वर्ष 2025 के बीच पांच सालों में लाखों की लागत से तैयार किए गए बैम्बू म्यूजियम का हाल ऐसा हो गया है, कि चारों ओर लगे फेंसिंग के साथ बांस के पेड़, लगाए गए बोर्ड को भी उखाड़कर असामाजिक तत्वों ने पार कर दिया। शाम के साथ दोपहर में भी म्यूजियम अब शराबियों का जमावड़ा हो गया है, जिसे देखने के लिए कोई भी विभाग के अधिकारी और स्टाफ मौके तक नहीं जाते हैं।

### पांच साल का होता है प्रोजेक्ट

वन विभाग के अनुसार बैम्बू म्यूजियम नहीं बैम्बू सिटम कहा जाता है, जहां बांस की अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। इस योजना को 10 साल से अधिक हो गए हैं और पांच साल के बाद प्रोजेक्ट समाप्त हो जाता है। वर्तमान में यह 6 साल हो गया है। इसका कारण है कि चौकीदार को देने के लिए राशि भी मिलनी बंद हो जाती है, जिसकी वजह से वहां की सुरक्षा नहीं हो पाती।

### चेक करने के बाद कार्रवाई

मोपका में बैम्बू म्यूजियम के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। वहां अगर चोरी और अन्य कोई शिकायत है तो उसकी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-नीरज कुमार,** डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

---

**100 मीटर की दूरी पर बाइक मिलने से सनसनी**

# दीवार में घुटने के बल फांसी पर लटकी मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीमेंट की दीवार में घुटने के बल पर टिकी फांसी पर लटकी लाश व 100 मीटर की दूरी में बाइक मिलने पर सनसनी फैल गई है। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, दो दिन पहले अशोकनगर में अटल आवास निवासी रवि वर्मा पिता भरत लाल वर्मा 32 साल की सीमेंट की दीवार में गमछा से फांसी पर लटकी लाश मिली थी। दीवार के बीम में गमछा बंधा हुआ था और मृतक घुटने के बल पर लटका हुआ था। वहीं उसकी बाइक 100 मीटर की दूरी में खड़ी हुई मिली थी। सीमेंट की दीवार की उंचाई बहुत कम है और घुटने के बल पर लाश टिकी होने से युवक की मौत पर संशय बना हुआ है। लोगों के मुताबिक सीमेंट की दीवार में फांसी लगाना संभव नहीं है।

टीआई श्री आर्या ने बताया मृतक घटना के दिन अपने घर से मरने जाने की बात कहकर निकला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# फल दुकान में आग से मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** फल दुकान में आग लगने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। दुकान में रखे फल सहित अन्य सामान जल गए हैं।

बृहस्पतिबाजार निवासी सुनील केशरवानी पिता रामबाबू केशरवानी ने थाने में लिखित शिकायत की। 11 नवंबर की रात 12 से 1 बजे के बीच उन्हें सूचना मिली कि उनकी फल दुकान में आग लग गई है। वे दुकान गए तो भीषण आग लगी हुई थी। लोगों की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर पहुंचे। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग से उनकी दुकान में रखा 6 नग इनवर्टर बैटरी, इलेक्ट्रिक वेट मशीन, 3 कूलर, 6 ठेला, 70 पेटी सेव, 20 पेटी संतरा, 5 पेटी अनार, 8 पेटी पाइनेप्पल, 10 कैरेट केला जलकर खाक हो गई है। पुलिस मामले में आगजनी कायम कर जांच में जुट गई है।





---

# सरकण्डा, पचपेड़ी में धर्मान्तरण की कोशिश एक कर्मचारी सहित 3 के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकण्डा व पचपेड़ी में प्रार्थना सभा की आड़ में प्रलोभन देकर लोगों का धर्मान्तरण कराने की कोशिश करने वाले एसईसीएलकर्मी सहित 3 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, बुधवार की रात हिंदु संगठन के लोगों को सूचना मिली कि वसंत विहार कालोनी एसईसीएल में ड्राइवर के पद पर पदस्थ राजेन्द्र खरे के घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर हिंदू लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। संगठन के लोग ड्राइवर के घर में जाकर हंगामा मचाने लगे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंगामा शांत कराया। पुलिस ने हिंदू संगठन के छत्रपाल साहू की रिपोर्ट पर ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है। दूसरी घटना में पचपेड़ी थाना क्षेत्र के कुकुर्दीखुर्द निवासी संजय डंडेकर के घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर हिंदू लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। हिंदू संगठन के लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा मचाया।

- हिंदू संगठन के लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा मचाया

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर हंगामा शांत कराया। पुलिस ने हिंदू संगठन के नारायण पटेल की रिपोर्ट पर संजय डंडेकर पिता धनेश राम डंडेकर व पामगढ़ धनगांव निवासी रितिक लसकर पिता मनोहर लसकर के खिलाफ धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है।



कोनी टीआई भावेश सेंडे को सूचना मिली ग्राम सेमरताल में कुछ लोगों के द्वारा अवैध शराब बेचा जा रहा है। उन्होने स्टाप के साथ गांव में दबिश देकर सेमरताल निवासी गोरेलाल सूर्यवंशी, सूरज कुमार सक्सेना को पकड़कर उनके पास से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत दोनों कोचिया को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

# किस काम का हमर लैब, थायराइड, हेपेटाइटिस जैसी जांच के लिए मरीजों को जाना पड़ रहा निजी लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


जिला अस्पताल की लाखों रूपए की मशीनें लगाई गई हैं, शासन द्वारा हमर लैब की स्थापना भी की गई है, लेकिन इसके बावजूद मरीजों को जांच के लिए बाहर जाने की जरूरत पड़ रही है। कई बार डाक्टर स्वयं ही मरीजों को बाहर से जांच कराने की बात कह देते हैं। दरअसल यहां लैब होने के बावजूद ज्यादातर जांच संभव नहीं है। रिजेंट की कमी के चलते मरीज का इलाज प्रभावित हो रहा है।

- रिजेंट की कमी के चलते होती है परेशानी

जिला अस्पताल में रोजाना 500 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। शासन की योजनाओं के तहत यहां जिले का सबसे बड़ा हमर लैब स्थापित किया गया है, लेकिन मरीजों का इसका पूरा फायदा नहीं मिल पा रहा है, बेसिक जांच ही संभव हो रही है। मरीजों ने बताया कि पिछले 10 दिनों से गर्भवती महिलाओं के लिए की जाने वाली सिकलिंग टेस्ट बंद है, गुरूवार को रिजेंट आने के बाद इसे फिर से शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही थाइराइड जांच बंद है, जिला अस्पताल के कर्मचारी थाइराइड जांच के लिए सीधे निजी लैब का रास्ता देखा देते हैं। वहीं हेपेटाइटिस-सी, एचसीवी, किडनी फंक्शन इलेक्ट्राराइटेड जैसी जांच नहीं हो रही है। मरीजों को कई बार हताश होकर निजी अस्पताल और क्लीनिक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### सीजीएमएससी करती है रिजेंट की सप्लाई

बताया जा रहा है कि जहां जिला अस्पताल प्रबंधन समय पर डिमांड नहीं भेजता है, वहीं सीजीएमएससी भी रिजेंट की सप्लाई में अनावश्यक देरी करती है। खास बात यह है कि जिला अस्पताल में दवा, इंजेक्शन, उपकरण और अन्य सामाग्री सीजीएमएससी द्वारा ही मुहय्या कराई जाती है, लेकिन प्रबंधन को लोकल खरीदी का अधिकार होते हुए भी मरीजों को समय पर सुविधा उपलब्ध नहीं हो रही है।



---

**एसीबी ने बरामद किया 2.27 लाख रुपए नगद के साथ ही जमीन व बीमा के दस्तावेज**

# रिश्वत लेते धरे गए आरईएस एसडीओ के घर पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण से तालाब निर्माण के भौतिक सत्यापन हेतु 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए आरईएस एसडीओ ऋषिकांत तिवारी पर एसीबी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रिश्वत लेते धरे गए एसडीओ के घर में भी एसीबी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान एसीबी ने अधिकारी के घर से नगदी रकम, बीमा, जमीन रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज को जब्त किया है। अधिकारी अब एसडीओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे है। इधर इस कार्रवाई से क्षेत्र के सरपंच सचिवों में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के लोग अधिकारी के मनमानी और अवैध वसूली से परेशान थे।



बता दें कि 12 नवम्बर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विकासखंड अंतर्गत नवापारा खुर्द निवासी दिसम्बर सिंह आ. स्व. कांशी राम से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में प्रेमनगर आरईएस एसडीओ ऋषिकांत तिवारी को रंगे हाथों पकड़ा था। आरोपी एसडीओ ऋषिकांत तिवारी ने ग्रामीण से मतस्य संपदा योजना अन्तर्गत ग्राम नवापाराखुर्द स्थित भूमि पर तालाब का निर्माण के भौतिक सत्यापन व रिपोर्ट देने के नाम पर 15 हजार रुपए की मांग की थी। एसीबी की टीम ने डीएसपी प्रमोद खेस और निरीक्षक शरद सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई कर रंगे हाथों पकड़ा था। एसीबी ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की थी जबकि देर रात ही एसीबी की टीम ने एसडीओ ऋषिकांत तिवारी के अंबिकापुर स्थित निवास में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने एसडीओ के घर से 2 लाख 27 हजार 500 रुपए नगद बरामद किया गया। उक्त रकम आरोपी अधिकारी ने क्षेत्र के ग्रामीणों से अवैध रूप से वसूलने की बात भी स्वीकार की है। इसके साथ ही अधिकारी के घर से जमीन रजिस्ट्री के कागजात व 52 लाख रुपए का बीमा एफडी बरामद किया है। अधिकारी ने 50 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक बीमा में निवेश किया था। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद आरोपी आरईएस एसडीओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में डीएसपी प्रमोद खेस ने बताया कि आरोपी आरईएस एसडीओ के घर से 2.27 लाख रुपए नगदी, 52 लाख रुपए की एफडी व जमीन की रजिस्ट्री बरामद की है। आरोपी ने जब्त रकम को ग्रामीणों से अवैध रूप से वसूला था। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

---

# रिटायर्ड शिक्षक व व्यापारी से आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एटीएम कार्ड बदलकर रिटायर्ड शिक्षक व क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर व्यापारी से आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

- मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, शास्त्रीनगर निवासी रिटायर्ड शिक्षक सेवक कौशल 66 साल बुधवार को नंदेश्वर मंदिर के पास एटीएम कार्ड से पैसा निकालने गए थे। एटीएम कार्ड डालकर प्रोसेसिंग करने के बाद पैसा नहीं निकलने पर पास में खड़े एक व्यक्ति ने सहयोग करने की बात कहते हुए मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड रख लिया और उन्हें दूसरा एटीएम कार्ड थमाकर भाग गया। उसके बाद श्री कौशल के बैंक खाते से 1 लाख 11 हजार रुपए निकाल लिए गए। दूसरी घटना में राजकिशोरनगर निवासी व्यापारी जोगेन्द्र सिंह चावला के पास अननोन मोबाइल नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको बैंक अधिकारी बताते हुए उन्हें क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की जानकारी दी। श्री चावला ने उसकी बातों में आकर गोपनीय जानकारी उपलब्ध करा दी।

उसके बाद उनके बैंक खाते से 11 किस्तों में 77 हजार 43 रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पैसे निकलने का मैसेज आने पर उन्हें ठगी के शिकार होने की जानकारी हुई। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार ने किया एमओयू

**हरदीबाजार।** 25वें राष्ट्रीय अधिवेशन में अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद एवं प्रयास प्रकाशन के संयुक्त तत्वाधान में 9 व 10 नवंबर को विकलांग विमर्शः समग्र अनुशीजन विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन बिलासपुर में किया गया। इसी कड़ी में इस संस्था का शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के साथ एमओयू किया गया। इस संधि के अंतर्गत अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद महाविद्यालय में अध्ययनरत हिन्दी तथा समाजशास्त्र के छात्र-छात्राओं को अपने अनुभव से जीवन में अनुशासन, दृढ़ता, आत्मविश्वास प्रबंधन का शिक्षण प्रदान करेगें। संस्था द्वारा देश भर में आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजनों में हिन्दी तथा समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं की भागीदारी के लिए अवसर तथा दिव्यांगजन से संबंधित साहित्य प्रदान करेगें। महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए संस्था द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय के लिए इस संस्था के साथ एमओयू एक विशेष उपलब्धि है। इससे संस्था के अकादमिक गतिविधियों में तेजी आएगी जिससे महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी लाभान्वित होगें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमएम वैष्णव के मार्गदर्शन में आईक्युएसी प्रभारी डॉ केके दुबे के नेतृत्व में महाविद्यालय अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के दिशा में एक कदम और आगे बढ़ा है।

### डीएवी स्कूल में चिरायु के तहत बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में गुरुवार को विद्यायल के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के तहत शासन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। परीक्षण में कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा 12वीं तक के 535 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा एलर्जी, पेट दर्द, गैस, बुखार इत्यादि की दवाएं छात्रों में वितरित की गई। इस स्वास्थ्य परीक्षण में डॉक्टर रितेश सिंह, डॉ उमा शर्मा, संगीता लकड़ा एवं कविता राठोर ने छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं बीमारी से संबंधित छात्रों को दवाई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, बुखार इत्यादि की दवाई छात्रों को निर्देश के साथ दी गई।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म माटी बस्तर की अनकही कहानी पर आधारित

**कोरबा।** बस्तर वह धरती, जिसने दशकों तक गोलियों की गूंज और अनकहे दर्द को सहा। आज वही माटी, अपनी दबी हुई आवाज़ और दिल की सच्चाई लेकर बड़े परदे पर बोलने जा रही है। चन्द्रिका फिल्म्स प्रोडक्शन की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म माटी 14 नवंबर को प्रदेशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। यह केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि उस मिट्टी की आत्मा की पुकार है। जिसे निर्माता संपत झा और निर्देशक अविनाश प्रसाद ने चार वर्षों के अथक समर्पण से कैमरे में अमर कर दिया है। उन्होंने बताया कि माटी की कथा भीमा और उर्मिला के निष्कलुष प्रेम की है, जो बस्तर की रक्तरंजित जमीन पर पनपता है जहाँ संघर्ष, भय और उम्मीद एक साथ सांस लेते हैं। यह उन हजारों निर्दोष ग्रामीणों, शहीद जवानों और आत्मसमर्पितों की मौन गाथा है, जिनकी पीड़ा इतिहास के पन्नों में कभी दर्ज नहीं हुई, पर जिन्होंने इस माटी को सींचा अपने लहू और विश्वास से। फिल्म में स्थानीय कलाकारों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, और सबसे विशेष, करीब 40 आत्मसमर्पित माओवादियों ने अभिनय किया है। यह केवल अभिनय नहीं, बल्कि जीवन से निकली हुई अभिव्यक्ति है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया समापन

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत घुड़देवा खेल मैदान में आयोजित की गई। फुटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार की शाम समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने हिस्सा लिया और दर्शकों ने मैच का भरपूर लुत्फ उठाया। घुड़देवा में होने वाले फुटबॉल प्रतियोगिता में 10 टीमों ने हिस्सा लिए थे, जहां फाइनल मुकाबला दीपका एसीबी व घुड़देवा के बीच खेला गया। जहां दीपका एसीबी की टीम ने दो गोल कर जीत हासिल किया। इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित समापन में मुख्य अतिथि के रुप में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि वार्ड क्रमांक 17 घुड़देवा पार्षद श्रीमती रुबी गुप्ता सहित पूर्व एल्डरमैन परमानंद सिंह, वार्ड क्रमांक 12 पार्षद श्रीमती प्रमिला सायतोड़े, कृपा राम साहु, विश्वनाथ यादव, सुरेश चौधरी, धन्नू बंजारे, जगदीश गुप्ता, आशा केंवट, राकेश सिंह, गौरी केंवट, रिता साहु युवा पत्रकार संघ बांकीमोंगरा अध्यक्ष विकास सोनी, अनूपम दास आदि उपस्थित थे।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

# एकता, अखंडता व सामाजिक सौहार्द्र के संदेश के साथ शहर में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा



यूनिटी मार्च में शामिल राज्यसभा सांसद, उद्योग मंत्री, महापौर, विधायक श्री पटेल, कलेक्टर सहित विभिन्न स्कूल के बच्चे व नागरिकगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- राज्यसभा सांसद एवं उद्योग मंत्री सहित शामिल हुए जिलेवासी

देश के पहले उप प्रधानमंत्री और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यह आयोजन 15 ब्लॉक सरदार पटेल सामुदायिक परिसर से प्रारंभ होकर कोसाबाड़ी चौक स्थित निर्मला कान्वेंट स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र के प्रतीक सरदार पटेल की स्मृति में निकाली गई इस रैली में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योग, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर अजीत वसंत सहित अन्य उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि देवेन्द्र प्रताप सिंह ने लौहपुरूष सरदार पटेल के देश निर्माण में बहुमुल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। देश की आजादी के बाद देशी रियासतों के भारत में विलयीकरण की जटिल जिम्मेदारी को उन्होंने अपनी सूझ-बुझ एवं कार्यकुशलता से संपन्न किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास, नक्सलवाद के उन्मूलन और 2047 तक विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में चल रहे प्रयासों की सराहना की। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने कार्यक्रम के आरंभ में नशामुक्त भारत और समापन अवसर पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु देश में बने उत्पादों का उपयोग करने एवं अपने आस-पास स्वालंबी बनने हेतु प्रोत्साहित करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा देश की सुरक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद वीर जवानों के परिजनों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री यिंह ने सरदार पटेल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन, विधायक कटघोरा श्री पटेल सहित अन्य अतिथियों ने भी पौधरोपण किया।



## डीएसपीएम संयंत्र में किया गया माकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में आपात स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी रिस्पांस ड्रिल किया गया। जिसमें जिले के उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सह कारखाना निरीक्षक विजय सिंह पोटाई के मार्गदर्शन में अन्य संयंत्रों से संरक्षा एवं अग्निशमन अधिकारियों की उपस्थिति में यह अभ्यास कार्य संपन्न हुआ।

डीएसपीएम टीपीएस में 250-250 केएल केपिसिटी के 2 डीजल स्टोरेज टैंक हैं तथा 1000 और 1000 केएल केपिसिटी के 2 फर्नेस ऑयल स्टोरेज टैंक हैं। चूंकि यह भण्डारण क्षेत्र अत्यंत ज्वलंतशील पदार्थों की श्रेणी में आता है। यहां किसी भी दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। इस क्षेत्र में संभावित अग्नि दुर्घटना होने पर हानि से बचने अभ्यास किया गया। इमरजेंसी रिस्पांस ड्रिल के तहत संयंत्र के अग्निशमन, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग के संयुक्त गतिविधियों द्वारा अग्नि दुर्घटना नियंत्रण कार्य का अभ्यास किया गया। परस्पर सहायता योजना के तहत अन्य संयंत्रो के द्वारा भी ड्रिल में भाग लिया गया। पर्यवेक्षक के रूप में ड्रिल में संशोधन एवं उन्नयन से संबंधित सुझाव दिए गए। सभी संयंत्र प्रबंधनों द्वारा संकल्प लिया गया कि किसी भी आपात स्थिति में परस्पर सहयोग के साथ कार्य किया जाएगा। इस अभ्यास ड्रिल में हसदेव ताप विद्युत गृह दर्री, कोरबा पश्चिम, एनटीपीसी, जमनीपाली, कोरबा, आईओसीएल, पीओएल एवं एलपीजी संयंत्र गोपालपुर, आईओसीएल, विस्फोटक संयंत्र कुसमुण्डा, कोरबा पावर लिमिटेड, उरगा, बाल्को से संरक्षा एवं अग्निशमन अधिकारियों ने भाग लिया। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से मुख्य अभियंता सह कारखाना अधिभोगी संजीव कंसल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सह कारखाना प्रबंधक सुनील सरना, अति. मुख्य अभियंता श्रीमती राजेश्वरी रावत, अति. मुख्य अभियंता एलएन सूर्यवंशी, वरि. मुख्य रासायनज्ञ श्रीमती मालती जोशी, अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) आरपी टण्डन, कार्यालयीन सहायक विनय कुमार नेताम माकड्रिल में उपस्थित रहे।

## महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 6 कॉलेजों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



**खास बात**

- शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय विजेता, रायपुर में राज्य स्तरीय खेलेंगी

जिले में परिक्षेत्र स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में किया गया। इसमें जिले के 6 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह और क्रीड़ा समिति के सदस्यों ने किया।

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मविश्वास और निष्पक्ष खेल भावना को भी बढ़ावा देते हैं। फाइनल मुकाबला शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय और शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने एक-एक सेट जीतकर मैच को रोमांचक बना दिया। अंतिम सेट में शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय ने 15-11 के अंतर से जीत हासिल की। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्रीड़ा अधिकारी अनिमा तिर्की ने बताया कि प्रतियोगिता में मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज, पी.जी. कॉलेज, शासकीय भैसमा कॉलेज, शासकीय बरपाली कॉलेज, शासकीय कटघोरा कॉलेज और शासकीय हरदी बाजार कॉलेज की टीमों ने हिस्सा लिया था। विजेता टीम अब रायपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोरबा का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं और खेल जगत में उनकी प्रतिभा को नई पहचान दिलाती हैं।

### विश्व मधुमेह दिवस पर निःशुल्क शुगर जांच शिविर आज

**कोरबा।** इंटरनेशनल लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट डायबिटीज अवेयरनेस (मधुमेह जागरूकता के अंतर्गत 14 नवंबर विश्व मधुमेह दिवस पर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं टाटा एआईए लाइफ कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क रक्त शर्करा जांच, नेत्र जांच, दंत जांच एवं सभी प्रकार के साध्य, असाध्य, कष्टसाध्य रोगों के लिये निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर 14 नवंबर को पतंजलि चिकित्सालय,श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका रोड में प्रातः 10 से 2 बजे तक आयोजित है। शिविर के विषय मे टाटा एआईए लाइफ के आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा, एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ.अनुराग शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। शिविर में दंत रोगों एवं नेत्र रोगों की जांच करने के साथ-साथ मधुमेह रोगियों की निःशुल्क रक्त शर्करा जांच कर उन्हें परामर्श देने के साथ साथ शुगर की परीक्षित औषधि भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

## बालको ने पोषण माह के तहत चलाया पोषण जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बालको ने पोषण माह 2025 के तहत जिले में कई सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह आयोजन भारत सरकार के पोषण अभियान के तहत हर वर्ष संचालित किया जाता है। इस वर्ष बालको ने अपने प्रोजेक्ट आरोग्य और नंद घर कार्यक्रमों के अंतर्गत हर बच्चे के लिए स्वस्थ भविष्य थीम पर यह अभियान चलाया। अभियान में माताओं को बच्चों के सही खानपान और सेहत से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गई। टेक होम राशन (टीएचआर) और पॉजिटिव डिविएंस हर्थ (पीडी हर्थ) सत्रों के माध्यम से स्थानीय खाद्य सामग्री से पौष्टिक भोजन बनाने की विधियाँ सिखाई गई। गीतों प्रतियोगिताओं और घर-घर प्रदर्शनों के जरिए यह जानकारी 40 गांव और 33 नंद घरों में 250 से अधिक परिवारों तक पहुँचाई गई। बाल स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत बालको ने शिशु संजीवनी पैक नामक पौष्टिक रेडी टू ईट आहार भी लॉन्च किया, जो आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को दिया जाएगा। प्रत्येक 40 ग्राम पैक में लगभग 200 कैलोरी ऊर्जा और प्रोटीन होता है। यह पहल वेदांता के रन फॉर ज़ीरो हंगर अभियान के अंतर्गत है और सोशल रिवाइवल ग्रुप ऑफ अर्बन रूरल एंड ट्राइबल (श्रोत) के सहयोग से लागू की जा रही है। इससे बालको समर्थित 262 नंद घरों के माध्यम से लगभग 14 हजार बच्चों को लाभ मिलेगा। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा ने कहा कि हर बच्चे के विकास में अच्छा पोषण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बालको का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य और पोषण के अवसर से वंचित न रहे। प्रोजेक्ट आरोग्य और नंद घर जैसी परियोजना समाज में जागरूकता बढ़ाने, परिवारों को सशक्त बनाने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ठोस कदम हैं। हम चाहते हैं कि हर बच्चा स्वस्थ, शिक्षित और आत्मविश्वासी बनकर आगे बढ़े।

## युवाओं को सिपेट की मदद से दिलाया जाएगा रोजगार मूलक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2 गुना 660 मेगावाट विद्युत संयंत्र से प्रभावित 11 गांवों के युवाओं के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से पांच दिवसीय रोजगारमूलक कार्यों का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी औद्योगिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में प्रभावित ग्राम लोतलोता, स्याहीमुड़ी, चुईया, जमनीपाली, झाबू, पंडरीपानी, नवागांव-कला, डिंडोलभाठा, बिरवट, डोडकधरी और चिरहुट में छग. स्टेट पावर जनरेशन कंपनी सीईआर के कार्यों को विस्तारित करेगी। समारोह में प्रशिक्षणार्थी 20-20 युवाओं को मुख्य अतिथि एमके गुप्ता के हाथों प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी की भूमिका सिपेट ने निभाते हुए प्लास्टिक उत्पाद निर्माण तकनीक के तहत प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली मशीनों की कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं कंप्यूटर संचालन का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही सिपेट द्वारा आईटीआई प्रशिक्षण की तर्ज पर कन्वेंशनल मशीनिंग और कंप्यूटर न्यूमेरिक कंट्रोल मशीनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रभावित गांवों से संबंधित शासकीय हाईस्कूल, स्याहीमुड़ी में बच्चों के लिए सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग का भी आयोजन किया गया।

## नन्हीं नृत्यांगना योगिता ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम




**कोरबा।** जिले की 10 वर्षीय प्रतिभाशाली बालिका योगिता श्रीवास ने अपने कथक नृत्य से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। जयपुर (राजस्थान) में आयोजित नृत्य आरंभ ऑल इंडिया 19वें कल्चरल नेशनल डांस प्रतियोगिता व फेस्टिवल में योगिता श्रीवास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योगिता नृत्यशक्ति कला केन्द्र की प्रतिभाशाली छात्रा है। वह भामिती श्रीवास और धनीराम श्रीवास की सुपुत्री है। उनकी गुरु प्रीति चंद्रा स्वर्ण पदक प्राप्त इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने अपनी शिष्या की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। योगिता श्रीवास सेंट विंसेंट पेलोटी स्कूल की छात्रा है।

*****कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स का आयोजन किया गया। कोर्स में कोरबा जिले से 12 लीडर्स सम्मिलित हुए। रायपुर स्थित राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसंधान केंद्र में 4 से 8 नवम्बर तक सेक्रेटरी एवं ऑर्गनाइजर, मैपिंग एवं स्टार गैजिंग, पायनियरिंग एवं इस्टीमेशन का स्पेशल कोर्स आयोजित किया गया। इसमें राज्यभर से लीडर्स की भागीदारी हुई।

## स्पेशल कैम्पेन 5.0 में कोल-लिग्नाइट कंपनियों में लगातार तीसरे वर्ष नंबर वन रहा एसईसीएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




एसईसीएल को कोयला मंत्रालय केंद्र सरकार द्वारा स्पेशल कैम्पेन 5.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त तथा अतिरिक्त सचिव (कोयला) एवं अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड (अतिरिक्त प्रभार) सनोज़ कुमार झा द्वारा प्रदान किया गया।

इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी एसईसीएल को कोयला मंत्री द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एसईसीएल की ओर से यह सम्मान सीएमडी हरीश दुहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, भानु सिंह (जीएम, सिविल), मनीष श्रीवास्तव (उप महाप्रबंधक मानव संसाधन), डॉ. सनीश चंद्र (पीआरओ), दीपांशु मांधाता, प्रबंधक (सिविल) एवं पीयूष प्रताप मल्ल, उप-प्रबंधक (सीडी) द्वारा ग्रहण किया गया। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग तथा कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में 2 से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित स्पेशल कैम्पेन 5.0 में एसईसीएल ने स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्क्रैप निस्तारण, डिजिटलीकरण और मीडिया प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धियाँ दर्ज की। एसईसीएल ने अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य 203 के मुकाबले 229 स्थलों की सफाई की तथा 43 लाख वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में स्वच्छता कार्य पूर्ण किए। रिकॉर्ड दक्षता का परिचय देते हुए एसईसीएल ने 64 सौ मीट्रिक टन से अधिक स्क्रैप का निस्तारण किया।

## कोरबा मार्केट




**न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार**

प्रकरण क्रमांक 76ए/2025
प्रोसेस क्रमांक 410/25
पेशी तारीख-22.12.2025

**मोहितराम** — **वादी/आवेदक**

**विरुद्ध**

**आम जनता वगैरह** — **प्रतिवादी/अनावेदक**

**बनाम**

**आम जनता (इससे जो भी संबंधित हो)**

वादी/ आवेदक मोहितराम के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता वगैरह के विरुद्ध धारा-34 सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत न्यायालय माननीय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-02 कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 22.12.2025 की तिथि है।

**अतः प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता (इससे जो भी संबंधित हो)** को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22.12.2025 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

नोट : यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 04/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

दिनांक- 04/11/2025

**सिद्धार्थ आनंद सोनी**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो**
**कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार करतला जिला कोरबा (छ०ग०)**

**// सूचना पत्र //**

क्रमांक/265/तह० / वाचक / 2025
करतला, दिनांकः 10/11/2025

प्रति,
श्रीमती कुसुमकांत पति मोहन खलखो
कास्तकारी ग्राम-नोनबिर्रा
तहसील-करतला, जिला-कोरबा (छ.ग.)
विषयः उपस्थित होने बाबत।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क. / 202506050100029/अ-6-अ/2024-25 में आवेदिका समीना खतून पति रज्जाक अली जाति- मुसलमान ग्राम नोनबिर्रा के द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम नोनबिर्रा प.ह.न. 29 रा.नि.म. नोनबिर्रा तहसील करतला स्थित भूमि ख.न. 98/16, 65/9, रकबा 0.065, 0.065 हे० भूमि जो आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वादग्रस्त भूमि ख.न. 98/16, रकबा 0.065, हे० भूमि वर्तमान ऑनलाईन बी-1, खसरा पांचसाला में त्रुटिवश शासकीय पिता छत्तीसगढ़ शासन व ख.न. 65/9 रकबा 0.065 हे० भूमि हारून बी पिता जहान खान के नाम पर दर्ज हो गया है। जो पूर्व राजस्व अभिलेख में ख.न. 65/9 जसमुदीन के नाम दर्ज है। व ख.न. 65/8 हारून बी पिता जहान खान के नाम से दर्ज होना पाया गया है। जिस कारण आवेदिका समीना खातून पति रज्जाक खान के द्वारा ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ0ग०भू-राजस्व संहिता के तहत अभिलेख दुरूस्त कराने बाबत आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) कोरबा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय को जांच कर प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई की तारीक 24/11/2025 को दिन के 10:30 बजे होगी। नियत समयावधि को उपस्थित नही होने पर आपके विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 10/11/2025 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**करतला, जिला कोरबा (छग०)**

## खबर संक्षेप



### सीएसआर मद से किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्य

**बरपाली।** अडानी पावर लिमिटेड द्वारा सीएसआर मद से प्लांट के आसपास के गाँव मे समाज कल्याण के व शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किया जा रहा है इसी बीच ग्राम पंचायत सरगबुंदिया के ग्राम-रिस्दिहापारा में शासकीय प्रायमरी स्कूल व बच्चों के खेल परिसर की रक्षा के लिए रिसदीहापारा के ग्रामवासीयो का आग्रह पर अडानी फाउंडेशन द्वारा स्कूल के बाउंड्रीवाल का कार्य दिया गया है जहाँ बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम में अडानी पावर लिमिटेड से डॉ विकास ठाकुर , ताजेन्द्र बंजारे , पवन महतो, विद्यालय के प्रधानपाठिका, स्टाफ व शत्रुहन कमलेश, शिखा खरे। हरियर बाई उषा सोनवानी (पंच) एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य से स्कूल व छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टिकोण से उन्हें विशेष लाभ प्राप्त होगा।

### जहर से विवाहिता की, तालाब में डूबने से महिला की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो विवाहिता की मौत हो गई है। जहां एक विवाहिता ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है तो वहीं दूसरी महिला की तालाब में लाश मिली है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहली घटना करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैगामार की है यहां निवासरत लक्ष्मण टोप्पो गुरुवार की सुबह धान कटाई के लिए खेत गया हुआ था जब वह दोपहर को अपने घर वापस लौटा तो उसने देखा कि उसकी 36 वर्षीय पत्नी आदेशी बाई का मूर्छित अवस्था में घर पर पड़ी हुई थी और घर में एक जहर की सीसी पड़ी हुई थी। आनन फानन में लक्ष्मण टोप्पो ने अपनी पत्नी आदेशी टोप्पो को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान आदेशी बाई की मौत हो गई। विवाहिता ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कापूबहरी की है। यहां निवासरत धन कुंवर कुर्रे उम्र 31 वर्ष पति छत्तुराम कुर्रे गुरुवार की सुबह नहाने के लिए तालाब गई हुई थी जहां तालाब में नहाने के दौरान पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम



**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 49 की पार्षद श्रीमती प्रीति शर्मा, मुख्य वक्ता सरिता पांडेय अधिवक्ता, पूर्व सदस्य उपभोक्ता आयोग, वर्तमान सदस्य महिला यौन उत्पीड़न व सहायक वक्ता चेतना शुक्ला शिक्षिका उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीता अधीक्षिका, सर्वमंगला कन्या छात्रावास ने की।
स्वागत उपरांत लक्ष्मी पांडे सप्त शक्ति संगम संयोजिका ने सप्त शक्ति संगम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य संयुक्त परिवार की संकल्पना को सुदृढ़ करना तथा स्त्री में निहित सप्त शक्तियां कीर्ति, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा को जागृत कर परिवार एवं समाज निर्माण में नारी की भूमिका सशक्त बनाना है। मुख्य वक्ता सरिता पांडे ने अपने उद्बोधन में भारतीय परिवार परंपरा, परिवार की महत्ता एवं वर्तमान समय में परिवारों में आ गए बिखराव पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी में विद्यमान सप्त शक्तियां उसे परिवार को सुसंस्कृत व संपन्न बनाने में सक्षम बनाती है। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध, नागरिक कर्तव्य बोध और कुटुंब प्रबोधन इन पांच परिवर्तनों से भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित होगा।

## बालको थाना क्षेत्र के तराईडांड़ डकैती का मामला

# डकैतीकांड जानकारों के इर्दगिर्द ही मंडरा रही है पुलिस की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किराना व्यवसायी के घर हुई डकैती के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक ने चार अलग-

**खास बात**

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार अलग अलग टीम गठित

अलग टीम का गठन किया है। पुलिस की टीम अपराधियों की धरपकड़ के लिए विभिन्न पहलुओं की तहकीकात में जुटी हुई है। हालांकि अब तक पुलिस को इस डकैती के मामले में कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, लेकिन जिस तरह से वारदात को अपराधियों ने अंजाम दिया है इससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि


फाइल फोटो

किसी जानकार परिचित व्यक्ति ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही डकैती के इस मामले को सुलझा लेगी।

उल्लेखनीय है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनगुड़ा तराईडांड़ निवासी शत्रुघ्न दास महंत के घर मंगलवार की रात डेढ़ दर्जन सशस्त्र डकैतों ने घुसकर डेढ़ लाख रुपये नगद सोने चांदी के जेवराज सहित लाखों का सामान पार कर दिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी स्वयं अपराधियों की धरपकड़ के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों के साथ मामले की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। अपराधियों की धरपकड़ के लिए चार अलग-अलग टीम गठित की गई है, जो चारों टीम अलग-अलग बिंदुओं पर मामले की तहकीकात कर रही है। पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि जिस तरह से वारदात हुआ है इससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अपराधियों को यह जानकारी थी कि शत्रुघ्न दास महंत के घर सोने चांदी की जेवरात है और नगदी रकम भी है, जिसके आधार पर अपराधी उनके घर में घुसकर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हुए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और शत्रुघ्न दास महंत के रिश्तेदार सहित आसपास के परिचितों का इतिहास खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस मामले आरोपियों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात लगी हुई है। संभावना जतायी जा रही है कि पुलिस जल्द इस डकैती के मामले को सुलझा लेगी।

**सौम्या का पैसा कहां है पूछते रहे डकैत**

डकैतीकांड को लेकर अब नई नई जानकारियां सामने आ रही है। सूत्र बताते हैं कि राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया ने ग्राम तराईडांड़ निवासी शत्रुहन दास महंत के परिवार की एक बेटी बबीता को गोद लिया था और जिसकी शिक्षा दीक्षा में उन्होंने सहयोग प्रदान किया था। जब डकैत मंगलवार की रात शत्रुहन के घर पहुंचे थे तो इस दौरान वे शत्रुहन से पहले यही पूछते रहे कि सौम्या चौरसिया द्वारा दिए गए लाखों रुपए की रकम कहां है। जब शत्रुहन ने ऐसी किसी भी रकम की नहीं होने की जानकारी डकैतों को दी तो वे गुस्से से आग बबूला हो गये और पीड़ित परिवार के साथ मारपीट की उनके घर के फर्श के टाईल्स को तोड़ते हुए घर में खुदाई भी की है। उन्हें संदेह था कि बड़ी रकम तराईडांड़ निवासी शत्रुहन दास के घर खपाई गई है। इसी संदेह के आधार पर डकैत घर में मोटी रकम तलाश करते रहे लेकिन उन्हें मोटी रकम नहीं मिली बल्कि शत्रुहन अपनी पुत्री के शादी के लिए जो रकम डेढ़ लाख और जेवरात रखे थे उसी को लेकर फरार हो गए। अब आरोपियों के पकड़े जाने के बाद मामला पूरी तरह से खुलेगा कि इस डकैतीकांड में किसके तार जुड़े हुए हैं। हालांकि सौम्या चौरसिया का नाम सामने आने पर पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

## कांग्रेस के कोरबा लोकसभा प्रभारी ने विधानसभा क्षेत्रों की ली बैठक


कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसआईआर संबंधी कार्यों को सुगमता से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किए गए प्रभारी जयसिंह अग्रवाल इस संबंध में लगातार बैठकें ले रहे हैं। श्री जयसिंह अग्रवाल ने 12 नवंबर को कोरबा और बरपाली में कोरबा एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अनेक सुझाव देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसी कड़ी में 13 नवंबर को लोकसभा अन्तर्गत आने वाले कटघोरा, पालीतानाखार एवं मरवाही विधानसभा क्षेत्रों के लिए क्रमशः दीपका, पसान और पेण्ड्रा में बैठक लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। बैठकों में जयसिंह अग्रवाल ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में कार्यकर्ताओं को बताया कि कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और जिम्मेदारी वाला है। किसी प्रकार की लापरवाही या चूक की गुजाईश नहीं रखनी है। उन्होंने सभी को समझाईश देते हुए कहा कि उनकी छोटी सी लापरवाही के कारण मतदाता सूची अपूर्ण रहने का अंदेशा रहेगा और वास्तविक मतदाताओं के हितों को नुकसान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी कड़ी में 14 नवंबर को मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, बैकुण्ठपुर, कोरिया व सोनहत क्षेत्र में बैठकें लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देंगे।

## विद्युत सुधार अधिनियम का बिजली कर्मियों की सेवा शर्तों पर नहीं पड़ेगा कोई प्रतिकूल प्रभाव


ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्मचारियों और राष्ट्रीय एवं औद्योगिक हितों पर विद्युत अधिनियम 2003 के प्रतिकूल प्रभावों को उजागर करने के लिए अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ ने 29 अगस्त को देश भर के जिला मुख्यालयों और 9 अक्टूबर को सभी राज्यों की राजधानियों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किए और जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार को संबंधित ज्ञापन सौंपे। इस पर संज्ञान लेते हुए गुरूवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल को विस्तृत चर्चा के लिए अपने सचिवालय शक्ति भवन, नई दिल्ली में आमंत्रित किया। बैठक में केंद्रीय विद्युत मंत्री, ऊर्जा सचिव और ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव स्तर के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। संगठन की ओर से राधेश्याम जायसवाल विद्युत विभाग प्रभारी, बीएमएस, मधुसूदन जोशी अध्यक्ष, राजमुरुगन महासचिव, हरीश कुमार चौहान उपमहासचिव और नटराजन सचिव उपस्थित रहे। बैठक में

**खास बात**

- बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल के साथ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की हुई चर्चा

25 अप्रैल 2025 को रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में पारित पांचो प्रस्तावों और विद्युत क्षेत्र के श्रमिकों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। एक राष्ट्र, एक ग्रिड, एक सेवाः सिद्धांत को लागू करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्युत श्रमिकों की रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 133 के अंतर्गत त्रिपक्षीय समझौते को सभी राज्यों में लागू करने पर सहमति बनी। सार्वजनिक क्षेत्र की विद्युत कंपनियों के निजीकरण की संभावना पर चर्चा के दौरान, मंत्री महोदय ने स्पष्ट किया कि राज्य विद्युत कंपनियों का निजीकरण नहीं किया जाएगा। संविदा एवं ठेका कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा, कानूनी सुरक्षा और सेवा स्थायित्व से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। विद्युत अधिनियम 2003 और विद्युत संशोधन विधेयक 2025 के प्रावधानों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने आश्वासन दिया कि इन अधिनियमों का विद्युत क्षेत्र के कर्मचारियों की सेवा शर्तो और कार्य पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंत्री ने संगठन को आश्वासन दिया कि अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के पांचो प्रस्तावों पर केंद्रीय स्तर पर विचार किया जाएगा। उन्होंने अपने ऊर्जा सचिव को निर्देश दिया कि वे दिसंबर के प्रथम सप्ताह में संगठन के साथ विस्तृत चर्चा के लिए एक विशेष बैठक आयोजित करें ताकि विद्युत अधिनियम 2003 और संशोधन अधिनियम 2025 के प्रावधानों सहित राज्यों में उत्पन्न होने वाले विभिन्न मुद्दों पर समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

## पीएमएवाई शासन की महत्वपूर्ण व फ्लेगशिप योजना इसके कार्यों में कोताही स्वीकार नहीं: आशुतोष


अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अतिमहत्वपूर्ण व फ्लेगशिप योजना है। योजना से जुड़े कार्यों में धीमी कार्य प्रगति कतई स्वीकार्य नहीं होगी। कार्य प्रगति में तेजी लाएं जिन आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें प्रारंभ कराएं तथा निर्माणाधीन आवासगृहों की कार्यप्रगति में तेजी लाकर समयसीमा में निर्माण कार्य पूरा करवाएं।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि सभी जोन कमिश्नर व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने-अपने क्षेत्र में साईट विजिट करें, हितग्राहियों से चर्चा करें तथा आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ करने तथा समयसीमा में निर्माण को पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करें। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सभाकक्ष में अधिकारियों, जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना सहित निगम के विकास व निर्माण कार्यों, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यों, भवन निर्माण अनुमति, राजस्व वसूली, अवैध निर्माण व अतिक्रमण सहित विविध कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की कार्यप्रगति पर विशेष रूप से फोकस करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आवासगृहों के निर्माण से जुड़े विभिन्न चरणों के कार्यों में अपेक्षित तेजी लाएं। जिन आवासगृहों का निर्माण हितग्राहियों द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया है, ऐसे हितग्राहियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाएं। साथ ही फाउंडेशन, लेंटल व रूफ लेबल आदि तक पहुंचे आवासगृहों के निर्माण कार्यो में अपेक्षित तेजी लाकर निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करें।

**बिना अनुमति निर्माण पर करें कार्यवाही**

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने भवन निर्माण अनुमति से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण अनुमति के लिए प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सामान्य सर्वे कराएं तथा यह देखें कि कहां-कहां पर बिना अनुमति के निर्माण हो रहा है, बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण की जोनवार सूची बनाएं, संबंधितों को नोटिस जारी करें तथा नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**राजस्व वसूली में तेजी लाएं**

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम की राजस्व वसूली से जुड़े कार्यों की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य करों की वसूली की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली कार्यों में तेजी लाई जाए तथा समय सीमा में प्रदत्त लक्ष्य को पूरा किया जाए। उन्होंने बड़े बकायादारों की सूची तैयार करने तथा बकायाकरों की वसूली के लिए नियमों के तहत विशेष कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## स्वस्थ पशु, समृद्ध किसान यही ग्रामीण विकास की पहचान

**कोरबा।** जिले के पशु चिकित्सा सेवाएँ विभाग ने पिछले 25 वर्षों में ऐसी उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिन्होंने न केवल पशुपालन की दिशा बदली बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग ने योजनाओं के माध्यम से न केवल पशुओं का उपचार किया बल्कि किसानों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है। वर्ष 2000 में जहाँ विभाग की गतिविधियाँ सीमित दायरे में थीं, वहीं 2025 तक जिले के लगभग हर गाँव तक पशु चिकित्सा सेवाओं की पहुँच बन चुकी है। पशु उपचार की संख्या 28 हजार 822 से बढ़कर 95 हजार 97 तक पहुँच गई है, औषधि वितरण में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज किया गया है। यह वृद्धि बताती है कि अब किसान उन्नत नस्लों के माध्यम से बेहतर दूध उत्पादन की ओर अग्रसर हैं। बधियाकरण में भी भारी प्रगति दर्ज करते हुए 5 हजार 49 से बढ़कर 20 हजार 201 हो गई है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा ट्राली के नीचे दबने से मजदूर की मौत

**जांजगीर-चांपा।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर में सवार एक मजदूर नीचे गिरकर ट्राली में दब गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 13 नवंबर को ट्रैक्टर में ईंट लोडकर मजदूर चोरभट्ठी की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर की रफ्तार तेज थी। चोरभट्ठी में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान ट्रैक्टर में बैठा तिलई निवासी सुमित बरेठ नीचे गिर गया। वह ट्रैक्टर ट्राली में दब गया। हादसे में घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर में लोड ईंट सड़क पर बिखर गया। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मुलमुला पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस की टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उल्लेखनीय है कि सड़क पर तेजी से दौड़ रहे ट्रैक्टर लगातार हादसों का कारण बन रहे है। ट्रैक्टर कृषि प्रायोजन के लिए जाते है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पचरा में उत्पात मचा रहा 53 हाथियों का झुंड, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज के पचरा बीट में 53 हाथियों का दल विगत एक सप्ताह से डेरा डाला हुआ है। हाथियों का झुंड दिनभर जंगल में विश्राम करने के बाद रात में निकलता है और खेतों में पहुंचकर वहां पककर तैयार धान की फसल को चट कर दे रहा है। हाथियों का उत्पात लगातार जारी रहने से क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं। उन्हें यह डर सता रहा है कि अब तक खेतों में उत्पात मचाने वाला हाथी कहीं बस्ती में न घुस जाए तथा जान-माल को बड़ा नुकसान पहुंचा दे। हाथियों के उत्पात से सबसे ज्यादा पचरा गांव के लोग प्रभावित हैं। जिसके द्वारा वन विभाग से हाथियों से फसल की सुरक्षा की


फाइल फोटो

गुहार लगाई जा रही है लेकिन विभाग का अमला तमाम कोशिश करने के बावजूद उन्हें राहत नहीं दे पा रहा है और ग्रामीण नुकसानी सहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को सबसे ज्यादा दुख तब हो रहा है जब हाथी उनकी खेतों में पहुंचकर तैयार फसलों को तहस-नहस कर दे रहे हैं, वो भी ऐसे समय में जब वे काफी मेहनत के बाद इसे तैयार किए हैं और खलिहान लाने की तैयारी में हैं। ग्रामीण अपनी फसल को लेकर कई अरमान भी पाले हैं। कोई इसे बेचकर बाल-बच्चों की शादी के बारे में सोच रहा है तो कोई अन्य जरूरी कामकाज निपटाने की मानसिकता में है। याद रहे बड़ी संख्या में हाथियों ने कटघोरा वनमंडल को अपना बसेरा बना लिया है। यहां के जंगल में हाथियों की मौजूदगी बारहों महीने बनी रहती है। हाथियों का झुंड कभी डिविजन के ऐतमानगर में डेरा डालता है तो कभी केंदई व पसान रेंज में। बीच-बीच में जटगा के जंगल भी पहुंच जाया करते हैं। इस बीच कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में सक्रिय 37 हाथियों के दल में से 9 हाथी फिर अलग होकर करतला व धरमजयगढ़ डिविजन के बार्डर पर स्थित धसकामुड़ा जंगल पहुंच गए हैं जबकि 28 हाथी केराकछार क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के दोनों ही झुंड ने जिले के रामपुर, सेंद्रीपाली व बांधापाली में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। जिसकी सूचना पीड़ितों द्वारा दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं।

